तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024

11 विधायक ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

12 ब्लॉक सहित गांवों में मनी आदर्श होली




## खबर संक्षेप

### कंडरा समाज का वार्षिक अधिवेशन आज से

**बंगोली।** राजिम राज कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 28 से 30 मार्च तक मेला मैदान सामाजिक भवन राजिम में संपन्न होगा। बैठक में कुल 36 ग्रामों के स्वजातीयगण उपस्थित रहेंगे। वार्षिक अधिवेशन पूर्व समय के अनुसार पदाधिकारीयों एवं राजिम, पारागांव, नयापारा व नारी से आए स्वजातीयजनों के अनुसार ही वार्षिक अधिवेशन तय किया गया है। उक्त जानकारी राजिम राज कंडरा समाज के सचिव जगदेव राम कंडरा ने दी है।

### सिसदेवरी में रामायण समारोह 1 से

**पलारी।** समीपस्थ ग्राम सिसदेवरी में 1 से 10 अप्रैल तक रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ विष्णुधर दीवान, अध्यक्षता योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सरकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। रामायण समिति के संचालक खेलन प्रसाद चन्द्राकार ने बताया है कि भाग लेने वाले मानस मंडली को 401 रुपए श्रद्धा सुमन, राशि एवं श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा। मानस मंडली, प्रवचनकर्ता, भजनकर्ता सहित पधारकर भगवान की महिमा गाकर प्रवचन सुनकर समस्त ग्रामवासियों को कृतार्थ करने की अपील की गई है।



### मृतकों के आश्रितों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**मुड़पार-सरसीवा।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने प्राकृतिक आपदा से हुए 2 मृत्यु के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत दिए जाने वाले सहायता राशि प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपए स्वीकृत किया है। इसमें उजागर दास महंत एवं घुराऊ सिदार को भुगतान का आदेश पारित किया गया। सारंगढ़ के निवासी उजागर दास महंत पिता स्व. संतोष दास महंत 30 वर्ष का पिछले वर्ष 24 अप्रैल को कुआं में डूबने से मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के भाई कन्हैया दास महंत पिता स्व. संतोष दास महंत ग्राम नंदेली तहसील सारंगढ़ को भुगतान की राशि स्वीकृत की गई। इसी क्रम में घुराऊ सिदार पिता कुरसो सिदार 55 वर्ष पिछले वर्ष 18 अगस्त को आकाशीय बिजली गिरने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नी फगनीन सिदार ग्राम टिमरलगा तहसील सारंगढ़ को भुगतान की राशि स्वीकृत की गई।

### डीपापारा में युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के डीपापारा में युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी अशोक सोना पिता श्याम लाल सोना (30) ने आरोपी जितेंद्र भोई पिता अलेख भोई पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** तुमगांव थाना पुलिस ने पुराने विवाद को लेकर मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगमोहन साहू पिता माधव राम (21) वार्ड नं 3 ने आरोपी भरत यादव, आकाश साहू, वरूण यादव, तारेंद्र निषाद भाठापारा निवासी को पर बीते साल हुए झगड़े की बात को लेकर एकराय होकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध कायम किया है।

# बंगोली में नहीं जली होली, ग्रामीणों ने पुरानी परंपरा कायम रखी

## गुलाल-अबीर खेली और होली गीत गाकर एक दूसरे को दी होली की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

अलग खबर

फाल्गुन मास के शुक्ल 8 को होलाष्टक प्रारंभ हुई। इसी दिन से ग्रामीण इलाकों में नगाड़ों की थाप व मंजीरा की चाप से गली-मुहल्ले फागमय रहा। होली जलाने की परंपरा बंगोली में बहुत दिन से बंद है, इसलिये यहां होली जलाई नहीं गई। होली के दूसरे दिन सुबह से बच्चों व बड़े बुजुर्गों, महिलाओं ने प्रेम, सौहार्द व परस्पर भाई चारे की भावना से एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर आपस में गले मिलते रहे। तत्पश्चात दोपहर



को होरियारों, फाग गीत समिति के सदस्यों द्वारा बाजार चौक रंगमंच पर फाग गीत गाकर नगाड़ों की धुन से नौजवान, युवा साथी नाचते, थिरकते रहे, जिससे होली रंग से सराबोर रही।आजकल किसी भी त्यौहार मदिरा पान के बिना संपन्न नहीं होता, वहीं होली के दिन नौजवान युवकों द्वारा शराब सेवन कर होली मनायी। हिंदू धर्म के किसी भी त्यौहार में मदिरा पान सेवन वर्जित है, बावजूद लोग शराब के नशे में धूत नजर आये।

बंगोली में परंपरा रही है कि यहां सभी वर्ग के लोग अपने अपने दल बनाकर महिलाओं सहित ग्राम के प्रत्येक घरों में होली है के नारे लगाते हुए गुलाल व टीका लगाये। यूं तो होली त्यौहार किंवदंतियों के अनुसार अनेक कथाओं से सुसज्जित है, जिसके कारण होली मनाई गई। बंगोली सहित अंचल के ग्राम कुर्रा, धनसुली, मूरा सहित सभी ग्रामों में शॉतिपूर्वक होली मनाई गई। कहीं कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है।

## अपराध: मृतक ने सुसाइट नोट में ससुराल पक्ष के लोगों का लिखा था नाम

# पति को किया आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित पत्नी, ससुर, साला समेत मितान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सिटी कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ितत करने वाले 4 आरोपियों को ग्राम खैरा, सरगांव जिला मुंगेली से गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी, ससुर, साला एवं ससुर के मितान द्वारा लगातार मृतक को आचरण ठीक नहीं है कहकर करते थे। इस मामले में शामिल चारों लोगों को गिरफ्तार कर 27 मार्च को न्यायिक रिंमाड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 29 जुलाई को सुबह 10.20 बजे रमेश कुमार साकिन सकरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका लड़का पनेश्वर साहू 30 वर्ष का उसकी पत्नी कपूरन बाई के साथ विवाद चल रहा हैं, जिसके चलते पिछले 4 माह से वह अपने मायके में हैं। पति-पत्नी का मामला मुंगेली के कोर्ट में चल रहा हैं। मृतक अपने घर में अकेला रह रहा था। इसी विवाद के चलते पनेश्वर साहू उक्त तिथि में स्वयं पर आग लगाकर आत्महत्या कर लिया हैं। रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर इन्टीमेशन कायम किया गया, जिसका पंचनामा कार्रवाई के दौरान शव पंचनामा में मृतक के पास वाले रूम में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें मृतक के ससुर दिलहरण साहू, उसका मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नी कपुरन बाई साहू, तथा कपिल साहू द्वारा दो-तीन बार जान से मारने की धमकी देने का लेख किया गया था। मृतक के पिता रमेश कुमार साहू, मृतक के भाई भोलाराम साहू, शुकवारो साहू, चुरामणी साहू, गणेशराम साहू आदि से इस संबंध में बयान लिया गया। सभी ने अपने बयान में बताया कि मृतक के ससुर, उसकी पत्नी कपुरन साहू, कपिल साहू, मोहन यदु द्वारा हमेशा पनेश्वर साहू आचरण ठीक नहीं होने का आरोप लगाकर प्रताड़ित करते थे और कपुरन साहू द्वारा आये दिन झगड़ा विवाद करते रहते था, जिससे प्रताड़ित होकर आरोपियों द्वारा आत्महत्या करने के लिए उकसाने के कारण पनेश्वर साहू द्वारा अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर आत्महत्या करना बताया। सुसाइड नोट की हस्तलिपि विशेषज्ञ से परीक्षण करायी गई, जिसमें मृतक के लिखावट संबंधित कागज जब्त किया गया के लिखावट के जैसा (एक समान) होना पाया गया। मृतक के पीएम रिपोर्ट में आग से जलने के कारण मृत्यु होना लेख हैं। मर्ग जांच पर आरोपी मृतक के ससुर दिलहरण साहू, उसका मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नी कपुरन बाई साहू तथा कपिल साहू द्वारा मृतक को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए उकसाने के चलते मृतक पनेश्वर साहू आग लगाकर आत्महत्या कर लेना जो आरोपियों का कृत्य धारा 306, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ।

### मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

बलौदाबाजार। होली में हुड़दंग करने वाले छेरकापुर निवासी को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं उसके कब्जे से विवाद के दौरान उपयोग किए गए बेल्ट और चाकू को जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को प्रार्थी बीर सिंह धीवर साकिन छेरकापुर ने पलारी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोमवार की रात वह करीबन 8 बजे घर से दुकान जाने के लिए निकला, तो गांव का द्वारिकाधीश साहू गली में गाली गलौज कर रहा था, जिसे मैं मना किया, तो मुझे ही मां-बहन की अश्लील गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं पहने बेल्ट को निकाल कर मारपीट किया। मारपीट से मुझे गला, सीना, हाथ और सिर में चोंट लगी है। घटना में मेरी भतीजी भारती धीवर ने बीच बचाव किया तो उसे भी हाथ मुक्का और बेल्ट से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे भतीजी के नाक में चोंट और खून निकलने लगा। इसी दौरान द्वारिकाधीश साहू अपने जेब से रखे चाकू को निकल कर लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारिकाधीश साहू पिता ईश्वर प्रसाद साहू 19 साल साकिन छेरकापुर थाना पलारी को 26 मार्च को अभिरक्षा में लेकर घटना में प्रयुक्त बेल्ट व चाकू जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



# पड़ोसी पर प्राणघातक हमला, दो भाई गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौर

होली पर्व के दौरान पड़ोसी गली में गाली गलौज कर रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले युवक ने समझाते हुए गाली देने से मना किया, जिससे आवेश में आकर पड़ोसी ने अपने भाई के साथ युवक पर लोहे के राड से प्राणघातक हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को तत्काल दबोच कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी गिधौरी टुंडा निरीक्षक केसी दास ने बताया कि 25 मार्च को प्रार्थी दिलीप केवट ग्राम रामपुर अपने घर में था कि रात्रि लगभग 9 बजे उनके पड़ोसी 43 वर्षीय दिलीप सोनझरी और उनके छोटे भाई 35 वर्षीय दीपक सोनझरी गली में गाली गलौज कर रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा मना करने पर तुम कौन होते हो मना करने वाले बोलकर गंदी-गंदी गाली देते हुए हाथ मुक्का एवं दिलीप सांझरी द्वारा हाथ में रखे लोहे के रोड से जान से मारने की नीयत से सिर पर प्राणघातक हमला' कर दिया, जिससे प्रार्थी के दाहिने आंख और सिर तथा दाहिने कंधे में चोट लगी है। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 307, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मामला को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चौकी गिरौधपुरी में टीम गठित कर चंद घंटे बाद आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है।

# पैरावट आग से खाक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम पीसीद निवासी दानसिंह पेटल के घर में रखे पैरावट में बुधवार की दोपहर आग लग गई। आग लगने से किसान का लगभग 10 ट्रिप पैरा जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीसीद के मोतीपुर रोड के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 के सामने रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। आग इतना भयंकर थी कि कुछ समय में आग ने 10 ट्रिप पैरावट को अपने चपेट में ले लिया। इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड के टीम ने काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन अब तक आग कैसे लगी इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। फिलहाल इधर आग लगने कारणों की जांच की जा रही है।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

घोटिया-गिधपुरी मार्ग में मंगलवार की देर रात ग्राम कौड़िया के पास दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक की मौत और तीन घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार गिधपुरी की ओर से आ रहे बाइक सवार मुरारी साहू और



दोस्त परमेश्वर ध्रुव वापस गांव लौट रहे थे, तभी दाऊ लाल कनोजे ग्राम सोरम निवासी अपने मित्र फेकराम कनोजे और शेखर कनोजे अपने ससुराल सिसदेवरी जा रहा था, जो शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार गाड़ी गलत दिशा में चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे खुद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बुरी तरह से घायल मुरारी साहू ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# असामाजिक तत्वों ने कार पर लगाई आग, जलकर हुई खाक

**भाटापारा।** होलिका दहन की रात असामाजिक तत्वों ने शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में घर के सामने खड़ी बोलेरो में आग लगा दी। भाटापारा शहर पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है। सीसीटीव फुटेज में दो युवा कार में आग लगाते देखे गए और दो लोग कार में सवार थे। पुलिस मामला दर्ज होते ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिरुद्ध शर्मा निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड ने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 मार्च को होलिका दहन पर्व के दिन ग्रे कलर की बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीसी



2831 घर के बाहर खड़ी किया था, कि रात लगभग 2 बजे पड़ोसी द्वारा आवाज देकर बताया गया, कि गाड़ी में आग लगी है, तथा कार जल रही है। तब वाहन मालिक द्वारा आसपास मौजूद पड़ोसियों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरीके से जल चुकी थी। वाहन मालिक की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 435,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पता चला कि 2 व्यक्ति कार में आग लग रहे हैं तथा पास ही 2 अन्य संदिग्ध आरोपी कार में बैठे दिखाई दे रहे हैं। चारों संदिग्ध व्यक्ति लाल रंग का स्विफ्ट कार क्र. CG 10 BC 7186 में आए थे तथा कार में आग लगाने के पश्चात चारों आरोपी भाग गए। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा जांच तस्दीक कर आरोपियों का पता तलाश की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि बहुत जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जावेगी।

## जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसीलदार ने कुकुरदी बायपास में की कार्रवाई

# रेत के अवैध परिवहन में लगे 3 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

होली पर्व के दूसरे दिन तहसीलदार ने जिले में हो रहे रेत के अवैध परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन हाईवा को जब्त किया है। इस कार्रवाई से इस कार्य में संलग्न लोगों में हलचल मची है। वहीं इसी तरह की कार्रवाई जिले के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगी।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बुधवार को कार्रवाई करते हुए कुकुरदी बायपास में 3 रेत से भरे बिना पीट पास के हाईवा वाहन जब्त किया हैं। जब्त वाहनों में सीजी 28 क्यू 9988, सीजी 22 वी 6074 सीजी 28 एच 8108 शामिल हैं। जिसे जब्त कर नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट-1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि कलेक्टर के एल चौहान ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में राजस्व अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण,



अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री चौहान ने कहा है कि ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे डेढ़ क्विंटल गांजा, दो गिरफ्तार

**सरायपाली/महासमुंद** । गांजा तस्करी के आरोप में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को सिंघोड़ा पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके तस्करों से कब्जे से 150 किलो गांजा जब्त किया और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 15 डब्ल्यू 9593 को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। नाम-पता पूछने पर अपना नाम लेफरीपडा जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) निवासी प्रभाकर पति (37), मंगलपुर थाना काटाबनिया जिला ढेकानल (ओडिशा) निवासी सत्यजीत भोई (25) बताए।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### गांवों में चलाया जा रहा मिशन लाइफ अभियान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केदारनाथ दीवान द्वारा बसना ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, मेढ़ापाली, ठूठापाली, उमरिया, भंवरपुर में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं।

### टेली मानस हेल्थ प्रोग्राम के तहत टोल फ्री नंबर

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानसार सीएमएचओ डॉ पी. कुदेशिया, डीपीएम नीलू धृतलहरे और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी टेलीमानस हेल्थ प्रोग्राम जिला स्तर पर क्रियावंयन के लिए नेशनल टेलीमानस एवं टोल फ्री नंबर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंन्द में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी राम गोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने दी है।

## समस्या: आधा किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश हैं लाखागढ़ के लोग

# गांव में टंकी, घर-घर कनेक्शन, फिर भी नहीं मिल पा रहा बूंद भर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर से लगे ग्राम लाखागढ़ में प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत पानी टंकी है। घर-घर नल कनेक्शन दिए जा चुके है। परंतु, आज तक लाखागढ़वासियों ने ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए नलों से एक बूंद पानी निकलता नहीं देखा है। लिहाजा अब ग्रामवासी आधा किलोमीटर दूर से पानी भरकर घर ला रहे हैं, जिससे निस्तार का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एसडीओ ने लिखित में लाखागढ़ की नल जल योजना को सुचारू रूप से चलना बताया है।

देशभर में जल आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना चलाई गई है। इसके तहत आवश्यक आबंटन भी तत्काल जारी किया जा रहा है। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवर को निःशुल्क नल कनेक्शन दिया जाता है। परन्तु, सरकारी धन में गड़बड़ी करने की लत ने केंद्र की एक महत्वाकांक्षी योजना पर पलीता लगा दिया है। ग्राम लाखागढ़ के वार्ड 14 इंदिरा कॉलोनी के रहवासी वर्तमान में नारकीय जीवन जी रहे है।

केंद्र एवं राज्य की अनेक योजनाओं के बारे में यहां के लोगों को पता ही नहीं है। ग्रामवासियों में राधा बाई, उर्मिला बाई, दुलारी, जगदीश महाराज एवं ओंकार ने इस प्रतिनिधि को बताया कि कोई डेढ़ बरस पहले ग्राम के सरपंच द्वारा घर-घर में एक नल लगवाया गया था। उस दौरान उन्होंने इस नल के माध्यम से उन्हें निःशुल्क जल उपलब्ध होने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई थी। परंतु, डेढ़ साल के बाद भी नल तो जस के तस लगे है। इसमें किसी भी नल से कभी भी एक बूंद पानी नहीं आया। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में कई गई थी। जहां से पीएचई को मामला सुलझाने का आदेश दिया गया था।





### टंकी पूर्ण एवं कार्य गुणवत्ता से हुआः एसडीओ

इधर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने उक्त मामले में जांच कर लिखित में बताया कि नल पूरे पंचायत क्षेत्र के घरों में लग गए है। पानी टंकी का कार्य भी गुणवत्ता पूर्वक हुआ है, इसलिए प्रकरण समाप्त किया जाता है। कार्यपालन यंत्री के उक्त जांच के बाद अब लाखागढ़वासी यह सोच कर परेशान है कि टंकी बन गई है, घर-घर कनेक्शन दिए गए हैं। इसके बावजूद नल से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा, तब ऐसी नल जल योजना से आखिर किसका हित हुआ या हो रहा है। यह सोचने का विषय है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की दुर्गति लाखगढ़ ग्राम पंचायत में देखी जा सकती है। शासन के लाखों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है।

### आधा किलो मीटर दूर से लाते है पानी

इंदिरा कॉलोनी के ग्रामीणों ने बताया कि यहां के लिए अब तक विभिन्न मदो से 5 नग ट्यूबवेल स्वीकृत हुए है। परंतु, एक ही ट्यूबवेल वार्ड के एक गौटिया परिवार के घर के बाहर ही खोदा गया है। यही से पूरी कॉलोनी का निस्तार चलता है। सुबह से शाम तक यहां की महिलाएं बच्चे एवं पुरुष ट्यूबवेल से पानी भरने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहते है। बहरहाल, इस वर्ष पड़ रही गर्मी और पखवाड़े भर बाद प्रारम्भ होने वाली भीषण गर्मी से ग्रामीणों का परेशान होना तय है।

## ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आज राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि मतदान केंद्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने के पहले पारदर्शिता के लिए विभिन्न चरणों में मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। जिसके तहत उपलब्ध बैलेट यूनिट के 2110, कंट्रोल यूनिट के 1362 एवं वीवीपैट के 1462 यूनिटों का रेंडमाइजेशन किया गया। ज्ञात है कि सरायपाली विधानसभा अंतर्गत 270, बसना विधानसभा अंतर्गत 287, खल्लारी विधानसभा 270 एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 246 अर्थात कुल 1080 मतदान केंद्र है। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति के पश्चात कुल मतदान केंद्र का 123 प्रतिशत बैलेट यूनिट, 123 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट एवं 133 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में पारदर्शिता के लिए रेंडमाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई। इसके बाद वेयर हाउस में अलग-अलग कक्षों में रखे सीयू, बीयू एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय कुमार साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, ईवीएम के जिला नोडल अधिकारी समीर पांडेय उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दीवारों पर लिखे जा रहे हैं मतदाता जागरूकता स्लोगन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान एस आलोक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरुकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन जन-जन की पुकार है, वोट देना अधिकार है, मत देना अपना अधिकार, बदले में न लें उपहार लिखकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है तथा मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करें।

## होली पर्व...



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ रविवार ककी रात्रि 11.15 बजे होलिका दहन करने के बाद सोमवार को हर्षोल्लास एवं आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्वक तरीकों से होली उत्सव मनाया गया है।

# नांदगांव स्कूल में बच्चों को कराया गया पौष्टिक भोजन

## शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में न्यौता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में बुधवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। नांदगांव निवासी योगेश पटेल के घर पर छट्ठी कार्यक्रम के उपलक्ष्य में न्यौता भोज के तहत जलेबी, समोसा एवं केला का वितरण स्कूली बच्चों को किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि दरअसल, प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में न्यौता भोज के नाम से लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्याह्न भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। इसके तहत शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में पटेल द्वारा बच्चों को गर्म और स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षक कमलेश पटेल, पोखन चंद्राकर, अजय बंजारे एवं शिक्षिका लक्ष्मी साहू उपस्थित थे।





### न्यौता भोज का उद्देश्य पूरक पोषण वितरण

नांदगांव के योगेश पटेल ने कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग या फिर कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। वहीं, न्यौता भोज स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक है।



### यादव समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**बसना।** छग झेरिया यादव समाज बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने तहसील व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली। बैठक में सामाजिक चर्चा पश्चात आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के महासमुंद सांसद प्रत्याशी रुपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी के समर्थन में समाज को सहयोग करने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए आवास व महतारी वंदन योजना के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू किया है, उन सभी योजनाओं से आज हम सभी लाभान्वित हो रहे हैं। मोदी की विकसित भारत के मिशन ने छत्तीसगढ़ में भी भाजपा का कमल खिलाते हुए पूर्ण बहुमत मिला है। बैठक में बसना तहसील सलाहकार संपत्ति यादव, देवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष गजानंद यादव, जमदरहा परिक्षेत्र अध्यक्ष पेनकू यादव, कपसाखुटा परिक्षेत्र अध्यक्ष अलेक यादव, गनेकेरा परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम यादव, गौरटेक परिक्षेत्र सचिव रविशंकर यादव, भूकेल परिक्षेत्र अध्यक्ष रंगीलाल यादव, बड़े टेमरी परिक्षेत्र सचिव रमेश यादव, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव, फुलझर राज अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संतोषी यादव, बसना तहसील अध्यक्ष सुमन यादव, किशोर यादव व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साइकिल पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन

## पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 से 31 मार्च तक महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

महाराष्ट्र के नागपुर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर साइकिल पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 से 31 मार्च 2024 को होने वाली है। जिसमें महासमुंद जिले से पिथौरा के गुलाब मोहम्मद पिता हबीब मोहम्मद का चयन सीनियर वर्ग व सत्यम बेलदार पिता शत्रुघ्न बेलदार का चयन जूनियर बालक वर्ग में हुआ।

गुलाब मोहम्मद ने 14 बार राज्य स्तर व 5 बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है और सिल्वर मेडल भी प्राप्त किया है और अभी छठी बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी तरह सत्यम बेलदार ने जूनियर वर्ग में पांच बार राज्य स्तर व एक बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, यह दूसरी बार इनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। पिथौरा क्षेत्र से योगेश सोनवानी, शिवम बेलदार केसर लाल, डिग्री लाल , शैलेश यादव, आलोक तिवारी, लीना नेताम, तन्नु बानो, पूर्णिमा नेताम, श्याम लाल ने भी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक प्राप्त किया है।



इनके मार्गदर्शक वी कोच साइकिल पोलो एसोसिएशन वी आर चन्नावर, देव अवतार चौधरी, व्याम शिक्षक योगेश सोनवानी, यूके नेताम, व्याख्याता सुधीर प्रधान केशव निषाद, राजेश साहू, रवि गुप्ता, अनुज सिंग, अमन मारकनड़े, नंदिता ठाकुर, दुर्गा यादव उत्तम, शिवचरण सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है।

## शहर में सर्वाधिक मतदान के लिए नपा ने शुरू किया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका ने लोकसभा चुनाव के दौरान शहर सर्वाधिक मतदान और मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए बुधवार से मतदाता जागरुकता अभियान का आगाज किया है। अभियान में सहभागिता के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने विगत 29 मार्च को व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने लोकसभा चुनाव में महासमुंद में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए शहर के निवासियों, धार्मिक, व्यवसायिक, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक, होटल व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों का अधिक से अधिक सहयोग रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप महासमुंद नगर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है, उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक मतदाता को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# खरोरा के स्मारक में मनाया गया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में 23 मार्च को पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। हर साल 23 मार्च को देश में शहीद दिवस मनाया जाता है।

23 मार्च 1931 के दिन तीन महान देशभक्तों भगत, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। यह तीनों देशभक्त आजादी के गीत गाते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। देश की आजादी की लड़ाई में इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद स्मारक में शाम 6 बजे पूर्व सैनिक सेवा संघ के सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित होकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

शहीद स्मारक प्रांगण में एवं देश रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाने वाले शहीदों की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीपदान द्वारा उनको नमन किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात शहीदों के प्रति सभी भारतीयों के तरफ से उन्हें श्रद्धा सुमन द्वारा स्मरण किया गया। पश्चात देशभक्ति गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। पूर्व सैनिक स्व. पंकज चंद्राकर की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी ज्योति चंद्राकर द्वारा इस अवसर पर शहीद स्मारक में साउंड सिस्टम प्रदान किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा आभार प्रकट कर स्व पंकज चंद्राकर के योगदान एवं सहयोग को याद कर उन्हें नमन किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने शहीद दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और और राजगुरु की इस शहादत से देशभर में राष्ट्रवाद का मानो ज्वार आ गया, आजादी की लड़ाई तेज हो गई। अंततः अंग्रेजों को भारत को आजाद करना ही पड़ा। भगत सिंह के विचार और व्यक्तित्व आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं।



## सचिव संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सचिव संघ की बैठक में संगठन के सक्रिय सचिव द्वारिका यादव को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। श्री यादव के मनोनयन पर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष जताया है।

पिछले दिनों जिला सचिव संघ की बैइक सराईपाली में हुई। जिसमें पांचों विकासखंडों के सचिव संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। सभी की मौजूदगी में सर्वसम्मति से सचिव द्वारिका यादव को संगठन का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं हरीश मानिकपुरी को जिला सचिव नियुक्ति किया गया है। इस मौके पर नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें मिली जिम्मेदारी के लिए आभार जताते हुए कहा कि संघ के सदस्यों ने जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुनील साहू, संरक्षक पुनीत सिन्हा, नेहरू पटेल, नरेश पटेल, चंद्रप्रताप ठाकुर, मुरली साव, श्रीमती नेहा उपाध्याय, कृष्णा चौहान, सत्येंद्र चंद्राकर, चक्रधर साहू, मोहित साव, नारायण साहू, द्वारिका निषाद, हरिदास, बंशी पटेल, चिंतामणी साहू, शंकर साहू, त्रिभुवन कोसरे, मोतीराम, डेविड मन्नाडे, प्रेमलता, माधुरी सूर्यवंशी, अजय भोई आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### विदाई समारोह व न्योता भोजन कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गढ़सिवनी में कक्षा 8वी के छात्रों को विदाई एवं शासन की बहुप्रतीक्षित योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक एचआर टंडन, संतोष साहू (अध्यक्ष), राधेलाल पाटिल (उपाध्यक्ष ) द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात 8वी के छात्रों द्वारा चिट निकाल कर प्राप्त विषय पर अपनी प्रतिक्रिया दी गई। इस प्रकार बच्चों की विदाई एवं साथ में न्योता भोज का आयोजन संतोष साहू अध्यक्ष एवं राधेलाल पाटिल उपाध्यक्ष शाला विकास समिति गढ़सिवनी द्वारा दिया गया। प्रधान पाठक एचआर टंडन द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार साहू, लुकेश आवले, योगेश कुमार साहू, राधेश्याम यादव, पालकगण ओम प्रकाश सोनकर, हेमलता गोश्वमी, प्रतिमा सोनकर, रोशन मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### व्यय प्रेक्षक 2 के लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 02 के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने संजू लाल सिंह, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश को व्यय प्रेक्षक 02 के लाइजनिंग ऑफिसर का कार्य सौंपा गया है।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए नियुक्त उड़नदस्ता दल के अधिकारी-कर्मचारियों में आंशिक संसोधन करते हुए विधानसभावार ड्यूटी लगाई है। विधानसभा क्षेत्र 41-खल्लारी के लिए तहसीलदार पिथौरा देवेंद्र कुमार सिरमौर तथा 39-सरायपाली के लिए नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार काले एवं उप अभियंता जनपद पंचायत सुशांत त्रिपाठी को उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

### सत्यापन के लिए दिया गया दायित्व

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए 28 मार्च से 04 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन पत्र लिया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला कार्यालय में स्थित फैसिलिटी सेंटर में नाम निर्देशन पत्र में अंगूठा निशान का सत्यापन करने के लिए अर्चना गुप्ता, सहायक संचालक ग्रामोद्योग को दायित्व सौंपा है।

### खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर्व पर ग्राम बेमचा स्थित मां खल्लारी मंदिर में शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद भगवत महापुराण का आयोजन 8 अप्रैल सोमवार से किया गया। प्रथम दिन 12 बजे शाम 4 बजे से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। 9 अप्रैल मंगलवार दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्वलन स्थापना, यज्ञ समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक, भागवत एवं प्रवचन प्रवक्ता स्वर्णिम दीदी वृंदावन धाम द्वारा प्रवचन समय दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। संध्या आरती प्रतिदिन शाम 7 बजे तक, पंचमी विशेष हवन 13 अप्रैल, सप्तमी 15 अप्रैल, महानिशा पूजा रात्रि 12 बजे, अष्टमी हवन 16 अप्रैल 2024 प्रातः 11 बजे होगा। साथ ही श्री मद भगवत कथा समापन होगा। यज्ञ सहायक पांडुका आश्रम से पंडित सौरभ शुक्ला, पंडित दुर्गेश दुबे, पंडित सोनू पांडेय, पंडित दामोदर तियार, पंडित जितेंद्र उपाध्याय, त्र्यंबकेश्वर बनारस से रामेश्वरम आश्रम से पंडित प्रतीक पांडेय, सौरभ शर्मा, नितिन शुक्ला, लोकेश दुबे होंगे। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

---

पर्व : नगाडे की धुन पर थिरके शहरवासी, गाए गए होली गीत

# विधायक ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा।

विधायक इंद्र साव ने समर्थकों के साथ जमकर होली खेली। विधायक साव ने छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार नगाड़ा बजाया और अपने समर्थकों और क्षेत्रवासियों के साथ होली का आनंद उठाया।

विधायक निवास में सुबह से ही होली का जबरदस्त माहौल रहा। विधायक के समर्थकों ने क्षेत्रवासियों के साथ नाच गाकर रंगों के त्यौहार का आनंद उठाया। इंद्र साव ने सरल सहज अंदाज में होली खेलते हुए क्षेत्रवासियों को हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार होली की शुभकामनाएं दी।

## क्षेत्र में होली पर्व की रही धूम



**लवन।** नगर सहित अंचल के ग्रामों में छुटपुट घटनाओं को छोड़ होली पर्व शांति पूर्वक मना। आचार संहिता के चलते पहली बार नगर सहित अंचल में होली का पर्व शांति से मना। जगह–जगह फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होली पर्व में महिलाओं एवं बच्चों का उत्साह देखने को मिला। लवन नगर के कुल पांच स्थानों में होलिका दहन किया गया। मां महामाया की नगरी लवन के महामाया मंदिर परिसर में वर्षों पूर्व परंपरा को कायम रखते हुए पुजारी द्वारा रात्रि में होलिका दहन का शुभारंभ किया गया, यहां बाजार चौक सहित कुल पांच स्थानों में होलिका दहन की परंपरा पूरी की गई। इसी तरह नगर के अलावा ग्राम कोरदा, सरखोर, तुरमा, करदा, मरदा आदि स्थानों में भी होलिका दहन धूमधाम से किया गया। होली पर्व के दिन सुबह से शाम तक बच्चे, बूढ़े और महिलाएं एक-दूसरे पर रंग लगाकर होली खेलते रहे।



### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाई होली

**भाटापारा।** स्थानीय गोविंद सारंग भवन में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने होली पर्व मनाया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को गुलाल लगाकर महिला मोर्चा ने उन्हें होली पर्व की बधाई दी। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाते हुए शिवरतन शर्मा ने क्षत्रवासियों को होली पर्व की बधाई देकर प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक होली मनाने में किये गये सुरक्षा प्रयासों की सराहना की

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई होली



**पलारी।** नगर सहित अंचल में होली पर्व हर्षोल्लास, धूमधाम और उमंग के साथ मनाया गया। सोमवार सुबह लोगों ने होली की शुरूआत होलिका दहन के राख से एक-दूसरे के माथे पर टीका लगाकर की। इस दौरान बड़ों ने छोटों को आशीर्वाद, तो वहीं हमजोलो ने गले लगकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। पश्चात शुरू हुआ रंग, गुलाल, अबीर का लगाना, जहां डीजे में पारंपरिक होली के फाग गीतों पर युवाओं ने खुब रंग गुलाल उडाए। युवतियां और बच्चे भी पीछे नहीं रहे। आते जाते लोगों पर रंग से भरे गुब्बारे खुब मारे। महिलाएं भी एक-दूसरे पर कलर पानी उडेल रहे थे तथा जल्दी से न छुटने वाला कलरफुल रंग से चेहरे का नक्शा ही बदल दिया। नगर में जगह-जगह डीजे की धुन में सभी एक साथ थिरक रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। वहीं घर में बने देशी पकवान गुलगुला, भजीया, ठेठरी, खुर्मी, घुजीया और सलौनी का खुब लुफ्त उठाया।



## होली त्योहार पर लगाए छायादार पौधा

**मुंडा।** प्राथमिक शाला पैजनी के प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा द्वारा इस वर्ष भी होली पर्व पर बरगद पौधा अपने पैतृक गांव कोरदा में लगाकर युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा की है। चूड़ामणि वर्मा द्वारा वर्ष 1990 से प्रतिवर्ष होली पर्व पर छायादार एवं फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा एवं साथ ही युवाओं की होली की हुड़दंग एवं नशापान से दूर रखते हुए युवाओं में प्रेम भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की संदेश देता आ रहा है। पौधारोपण कार्य में ग्राम के सरपंच खेतरसिंह ध्रुव, पंच एवं युवा गीतांजलि वर्मा, रोहित कुमार वर्मा, उज्ज्वल वर्मा, कमल वर्मा, लीलाधर वर्मा आदि उपस्थित थे।

---

## पदयात्रा कर अयोध्या से लौटने पर राम भक्तों का किया गया स्वागत

**सरायपाली।** रामलला दर्शन के लिए पदयात्रा करते हुए अयोध्या गए इंद्रजीत साहू और राजू बहेरा के वापस लौटने पर स्वागत किया गया। राम राज्य परिवार अध्यक्ष नवीन देवता, उपाध्यक्ष दिनेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मंत्री आयुष पटनायक के नेतृत्व में फल, गमछा, पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। बाद डीजे, बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण किया गया और राम मंदिर सरायपाली में समाप्त कर दोनों भाई को बधाई दिया गया। और नगरवासियों ने भी बताया कि सरायपाली के लिए गर्व की बात है।

दोनों ने 26 दिनों में सरायपाली से अयोध्या की पदयात्रा को पूर्ण किया और उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरण सभी का प्यार और साथ मिलता गया। इस दौरा राम राज्य परिवार के सदस्य मयंक शर्मा, शिवम गंभीर, साहिल पटनायक, नवीन ठाकुर, गोल्डी सिंह, सोनू पढ़ी, दीपक यादव, नवीन भोई, राकेश यादव, बनती बहेरा, गौरव शर्मा, केशव रंजन, राजा स्वाइ, कान्हा साहू, जयप्रकाश बंजारा, दिनेश निषाद, मोनू राजपूत, केशव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## शहर में हुई इफ़्तार पार्टी का आयोजन



**भाटापारा।** इन दिनों रमजान का पाक महीना चल रहा है, जहां मुस्लिम धर्म के लोग एक महीने तक रोजा रखते हैं।

भगत सिंह वार्ड निवासी फहीम अहमद द्वारा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के रोजदार शामिल हुए। रोजा खोलने के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद सलातो सलाम पढ़ा और दुआ मांगी गई। दुआ में सभी मुसलमान रमजान के महीने में रोजा रखने, नमाज बढ़ने, कुरान शरीफ पढ़ने की तोफीक अता फ़रमाए और शहर देश में अमन चैन बना रहे की दुआ मांगी गई।

## रसोइया प्रशिक्षण में पौष्टिक आहार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत संकुल स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण संयुक्त रूप से संकुल केन्द्र घिवरा व ईल्दा का आयोजन शासकीय हाई स्कूल घिवरा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संकुल प्रभारी प्राचार्य संकुल केन्द्र घिवरा ने कहा कि रसोईया दीदीयों को अनेक परेशानियों के बीच नन्हें मुन्नें बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन प्रदान करने की जिम्मेदारी प्रदान की गई है, जिन्हें वे पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाती है। विकासखण्ड से प्रशिक्षण प्राप्त कर आईं गोदावरी यादव प्राथमिक शाला सिर्री, संकुल केन्द्र घिवरा और शांति बघेल प्राथमिक शाला बुडेरा, संकुल केन्द्र ईल्दा के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त की थीं। संकुल समन्वयक घिवरा कैलाश बघेल ने प्रशिक्षणार्थियों से सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रशिक्षण संपादित किये। इस अवसर पर संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थी रसोइयों को हेयर सेफ्टी कैप प्रदान किया गया। साथ ही प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानीत किया गया।

इस अवसर पर सीपी ढ़ीढ़ी व्याख्याता हाई स्कूल घिवरा, ठाकुर राम देवांगन शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बुडेरा, बिसेलाल साहू सहित संकुल केंद्र घिवरा व ईल्दा के सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं की प्रशिक्षणार्थी रसोईयां उपस्थित रहीं। संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक गुप्ता ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार गिर रहा रुपए का स्तरः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- डॉलर के मुकाबले रूपए की गिरावट को पूर्व संसदीय सचिव ने बताया मोदी की गलत नीतियों का परिणाम



पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। रुपए की इस गिरावट पर न तो प्रधानमंत्री की आवाज निकल रही है और न ही किसी अन्य भाजपाई के मुंह से कुछ निकल पा रहा है। इस रिकॉर्ड गिरावट का श्रेय भी आगे बढ़कर प्रधानमंत्री और सभी भाजपाइयों को लेना चाहिए।चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन व गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर अब 83.52 रुपए के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी गिरावट है। लगातार गिर रहे रुपए को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो कोई नीति है और न ही किसी तरह की नीयत है।

### महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब प्रशिक्षण का समापन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब के संचालन के लिए वर्डस वर्थ लैंग्वेज प्रोग्राम सेंटर गुजरात द्वारा महाविद्यालय के भाषा विभाग के प्राध्यापकों को आनलाइन प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया गया। विदित है कि आगामी समय में महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन होना है। इस दिशा में नैक ग्रेडिंग को बेतहर बनाने के लिए महाविद्यालय नैक द्वारा पूर्व में दिये गये सुझावों का परिपालन करते हुए लैंग्वेज लैब का निर्माण प्राथमिकता के साथ कर रही है। लैंग्वेज लैब के निर्माण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा की समझ में विस्तार होगा। मुख्य रूप से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के दैनिक उपयोगी शब्द, उच्चारण, वर्तनी एवं स्पष्ट अभिव्यक्ति के गुण लैंग्वेज लैब के माध्यम से सीख सकेंगे। वर्तमान में लैब के प्रभावशाली संचालन के लिए भाषा विभाग के प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो प्रशिक्षण उपरांत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को भाषा के बारिकीयों को सिखाएंगे। प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशानुसार वर्ड्स वर्थ लैंग्वेज लैब सेंटर गुजरात के भाषा वैज्ञानिक एलीन जान एवं अरींदम भट्टाचार्य द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सी खलखो, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, सहायक प्राध्यापक हिंदी सीमारानी प्रधान, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी आशुतोष पुरी गोस्वामी, अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार, जनभागीदारी प्राध्यापक हिंदी अन्नपूर्णा देवांगन एवं टीकम साहू को दिया गया।

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया जाएगा। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा संबंधित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र तथा प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्राप्त करते समय उसके प्रत्येक कॉलम की भली भांति जांच करनी चाहिए। इसी तरह अभ्यर्थियों को दी जाने वाली जांच सूची भी सावधानी पूर्वक तैयार करना चाहिए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा एवं आशीष कर्मा उपस्थित थे।

जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन शुल्क 25 हजार रुपए जमा किया जाएगा। अनुसूचित एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को इस पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परंतु, इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 4 सेट में नाम निर्देशन पत्र जमा किया जा सकता है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या एक होगी। इसी प्रकार अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों तथा निर्दलीय अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या 10 होनी चाहिए। ये प्रस्तावक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के मतदाता होने चाहिए। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित कुल 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे होने चाहिए। उनके द्वारा स्टांप साइज के फोटो जमा किए जाएंगे जो तीन माह से अधिक पुराना न हो। फोटो की पृष्ठभूमि सफेद होनी चाहिए, परंतु फोटो रंगीन व श्वेत श्याम हो सकता है। टोपी लगाकर या काला चश्मा लगाया हुआ फोटो स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के बाद तथा संवीक्षा की नियत तिथि के एक दिन पहले तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में शपथ या प्रतिज्ञान लेना होगा तथा उस पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतपत्र में अभ्यर्थियों के नाम तीन अलग-अलग श्रेणियों में होंगे जो हिंदी भाषा के आधार पर देवनागरी लिपि के वर्णक्रम के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे।

### अभ्यर्थी 28 से कर सकेंगे नामांकन दाखिल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। द्वितीय चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 (गुरुवार) है।



### विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 86 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** लोकसभा चुनाव के चुनावी समीकरण में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों के प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा उपरांत 23 मार्च 2024 को महासमुंद लोकसभा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बागबाहरा मंडी प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उभरते आदिवासी युवा नेता व जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अंजोर सिंह ध्रुव,अजय ध्रुव, माधव मांझी, कार्तिक बरिहा, टोपेश ध्रुव, पूरन सबर, सेतराम ध्रुव, विनोद दीवान, हृदयराम ध्रुव, छत्तरसिंह ठाकुर के संयुक्त प्रयास से लगभग 86 लोगों का भाजपा प्रवेश दिलाया गया।

### शहर में जल संकट पर अधिकारी-कर्मचारी दें विशेष ध्यानः सीएमओ



**महासमुंद।** शहर में पेय जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने जल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेयजल की समस्या को तत्काल दूर करने तथा खराब मोटर पम्प को सुधार कराने का निर्देश दिए। सीएमओ रात्रे ने जल विभाग के कर्मचारियों से कहा है कि इस बात का ध्यान रहे की नगर पालिका के पानी टैंकर का निजी उद्देश्य से प्रयोग न हो। बिना रसीद काटे पानी प्रदाय करते पकड़े जाने पर संबंधित कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल विभाग के उड़नदस्ते को रोजाना सुबह-शाम वार्डों में औचक निरीक्षण करने और टुल्लू पंप के माध्यम से पानी भरने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जल प्रभारी सीताराम तेलक, उप अभियंता दिलीप कश्यप, दुर्गेश कुंजेकार, नौशाद बक्श, बालमुकुंद वर्मा, विश्राम सिन्हा, टेक राम साहू, सुबेलाल आदि उपस्थित रहे।

### झेरिया यादव समाज की बैठक हुई

**बसना।** छग झेरिया यादव समाज इकाई बसना तहसील के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने जेराभरन परिक्षेत्र में बैठक ली। बैठक में भाजपा सांसद प्रत्याशी रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी को समर्थन दिया। बैठक में जेराभरन परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन लाल यादव, परिक्षेत्र सचिव प्रभाकर यादव, परिक्षेत्र संगठन मंत्री बिहारी यादव, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष आनंद यादव, बौधन यादव, सदानंद यादव, कामधर यादव, घसिया यादव, चैनसिंग यादव, रामप्रसाद यादव, परमेश्वर यादव, डोडकसा परिक्षेत्र अध्यक्ष जदुमणि यादव आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने दी।

## महासमुंद कांग्रेस भवन में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



स्थानीय कांग्रेस भवन में महासमुंद लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कांग्रेस भवन का चयन केंद्रीय कार्यालय के रूप में किया गया है। जिससे सरायपाली से लेकर बिंद्रानवागढ़ एवं कुरूद तक लोकसभा चुनाव का संचालन किया जा सके।

कार्यक्रम में महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सती साहू, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री, हरबंस सिंह ढिल्लो पूर्व उपाध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, निखिलकांत साहू, अनवर हुसैन, राजेश नेताम, अमन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, मनीष साहू, शकील खान, कुमारी देवार, देवनारायण ध्रुव, जाकिर रजा, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, विनोद युगर, लोकनाथ सूर्यवंशी, प्रीति बदल मक्कड़, देवेंद्र चंद्राकर, पुनीत पटेल, आरती महंती, मृत्युंजय बोस, लखन चंद्राकर, अनीता साव, मनोहर ठाकुर, सतीश कन्नौजे, माया पांडे, कविता तिवारी, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेक, ममता चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, प्रकाश अजवानी, सिकंदर खान, पूर्व पार्षद राजू साहू, रवि साहू, जावेद चौहान, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, सचिन गायकवाड, हर्षित चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, डॉ तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, साधना सिंह नैनी, टोमन सिंग कागजी, लीलू साहू, एरिस अनवर, तुलसी साहू, नारायण नामदेव, गोविंद चंद्राकर, निर्मल जैन, नितेंद्र बैनर्जी, इमरान कुरैशी, संतोष ठाकुर, रवि सिंह ठाकुर, जानी खान, ऋषि वर्मा, आरिफ बेग, राजेश डडसेना, एजाज नकवी, बादल बघेल, यशोदा ध्रुव, दीपक शेट्टी, कान्हा बघेल, योजना सिंह, यमुना वर्मा, सतीश चंद्राकर, प्रकाश सागर, शगनजोत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने वार्ड नं 11 बाजार पारा से सुकलाल यादव पिता परस राम यादव (38) के पास बिक्री करने रखे 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### धारदार हथियार लहरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने रोहन पनिका पिता स्व. कुमार पनिका (20) गणेश पारा को वार्ड नं 14 पोटरपारा को तेज धारदार चाकू लेकर हवा में लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमकाते पकड़ा है। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए आज 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र जमा कर पाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार द्वितीय चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक दाखिल कर पाएंगे। द्वितीय चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल (गुरुवार) है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगी। नाम वापसी की तिथि 08 अप्रैल 2024 (सोमवार) है।

### चाकूबाजी, मारपीट के अलग अलग मामलों में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** होलिका दहन और घुलेंडी वाले दिन जिले के विभिन्न थानों और चौकियों सहित सिटी कोतवाली में चाकूबाजी, मारपीट और जान से मार देने की धमकी मामलों में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्जनों मामले दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड दो वीरेन्द्र नगर सरायपाली निवासी वासुदेव शर्मा ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च की दोपहर दुर्गा मंडप के पीछे वह अपने साथी रजिंदर सिंह और संजय यादव के साथ खड़ा था इसी दौरान वार्ड 10 बाजारपारा यासीन कालोनी निवासी कृष्णा बाघ और उसका साथी नवजीत सिंह उबोवेजा तेज गति से बाइक चला रहे थे।

## होलिका दहन पर भगवान नरसिंह भक्त प्रह्लाद का पूजन हुआ

# ब्लॉक सहित गांवों में मनी आदर्श होली










हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल।

विकासखंड के ग्राम असनिंद में 15 वर्षों से आदर्श होली मनाई जा रही है। इसी से प्रेरणा लेकर अब इस बार नगर कसडोल के 3 बड़े स्थान बजरंग चौक, बाजार चौक, रामसागर पारा में भव्य रूप से होलिका दहन किया गया। इस मौके पर महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रही।

आदर्श होली पर्व संचालन समिति को नगर के सभी स्थानों से सहयोग मिला। साथ ही समिति के इस पहल को अनुकरणीय बताया गया। नगर में इसी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में लगे तीनों स्थानों के लोगों का सहयोग रहा। संचालन समिति के सदस्य अधिवक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि बजरंग चौक, बाजार चौक, रामसागर पारा में रात 9 बजे के आसपास मोहल्लों की महिलाओं का आना शुरू हुआ, जिसमें बजरंग चौक में संकीर्तन तथा भगवान नरसिंह भक्त प्रह्लाद का पूजन कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार रामसागर पारा में तालाब के पास होलिका दहन मोहल्ले के सभी लोगों ने मिलकर किया। गौरतलब है कि आदर्श होली पर्व संचालन समिति द्वारा इस वर्ष भगवान नरसिंह की यात्रा तथा दीपयज्ञ के माध्यम से नगरवासियों से आदर्श रूप से सब मिलकर वैदिक मंत्रों के साथ होलिका दहन एवं होली मनाने का आह्वान किया था, उसी के फलस्वरूप पहली बार महिलाओं ने होलिका दहन में बढ़ चढ़कर शिरकत की, जिसकी नगर में खूब चर्चा है। महिलाओं ने इस कार्यक्रम में पहली बार शिरकत की और भक्त प्रह्लाद, भगवान नरसिंह होलिका माता की पूजा परिक्रमा कर परिवार समाज नगर के लिए प्रार्थना की।

### असनिंद में आदर्श होली की चर्चा

देशभर में होली का त्योंहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चारों तरफ सुबह से लोग रंग में रंगे नजर आ रहे थे। कसडोल विकासखंड के ग्राम असनिंद में 15 वर्षों से शाहिद भगत सिंह युवा मंडल के तत्वावधान में आदर्श होली मनाई जाती है। आदर्श होली की खासियत यह रही कि इस दौरान गांव के तमाम ग्रामीण, संगठन सहित आमजन एक साथ एकत्रित होकर बिना नशा पान किए रात्रि में होलिका दहन किए। फिर सुबह उपस्थित होकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आदर्श होली मनाई गई। इन्ही गांव से प्रेणना लेकर विकासखंड कसडोल के कई गांवों में अब आदर्श होली मनाई जा रही है। इस मौके पर ग्राम असनिंद में शहीद भगत सिंह युवा मण्डल के सदस्यों में जितेंद्र कुमार पटेल, जागेश्वर पटेल, पुनीराम पटेल, महेश्वर जायसवाल, भुनेश्वर जायसवाल, दीपक कुमार यादव, रामरतन पटेल, कामेश्वर जायसवाल, मनोज कुमार जायसवाल, महानंद पटेल, शिवराज पटेल, कुशल प्रसाद यदु, चंद्रिका प्रसाद यदु, पंचराम कैवर्त्य, फिरूराम पटेल, धारेश कुमार, सोहन साहू, पवन ध्रुव, भारत पैकरा, दीपांशु सेन, चंदर सिंह ध्रुव, रामरतन ध्रुव, कमलेश पैकरा, कुमार सिंह पैकरा, मनहरण साहू, चंदन पटेल, कमलेश पटेल, भागवत पैकरा, मनीष जायसवाल सहित भारत भूषण जायसवाल उपस्थित थे।



## ग्रामीण अंचल में भाई चारे के साथ मनी होली

**गोपालपुर।** ग्राम में रविवार की रात शुभ मुहूर्त में होली विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाई गई। सुबह सभी लोगों ने होली स्थल में पहुंचकर फांग गीत गाकर आंनद उठाया। बच्चे, बूढ़े, जवानों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर बधाई दी और गले मिले। युवाओं ने डीजे के साथ होली का जश्न मनाया। होली त्योहार के दिन सड़क सुनी रही। वहीं सवारी गाड़ियों के पहिए भी थम रहे। त्योहार के दूसरे दिन आवागमन प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी सवारी गाड़ियों में भिड़ देखी गई। क्षेत्र के गोपालपुर, खम्हरिया, सेमरिया, साजा-पाली, धौराभाठा, पीपर भावना में भी हर्षोल्लास के साथ होली त्योहार मनाने की जानकारी मिली है। दोपहर के समय महिलाओं एवं लड़कियों को हरी खेलते हुए देखा गया। उन्होंने ने भी एक दूसरे पर गुलाल लगाकर बधाई दी। श्री टीकाराम खटकर सहायक उपनिरीक्षक, थाना सरसीवां से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गस्त करने के लिए अनेक टीम गठित की गई थी, जो पूरे क्षेत्र में गश्त की। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# ढोल नगाड़ों की धुन पर गूंजा होली गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ युवाओं और महिलाओं ने रंग-गुलाल लगाकर दी बधाई



नगर सहित ग्राम केशला में रंगों का महा पर्व होली धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाई गई। फाग गीत होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दे रही थी। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम केशला, परसदा कनकी, नवगांव के गली मोहल्ले में होली पर्व का नजारा देखा गया। मोहल्ले के मुख्य मुख्य चौक चौराहों में ग्रामीणों की टोली नगाड़े की धुन में फाग गितों के साथ गाते हुए नाचते झुमते हुए दिखाई दी। होली पर्व लोगों ने भाई चारे से मनाया। रंग-गुलाल लगाकर व एक दूसरे के गले मिले पर्व की बधाई दी। बड़े-बुजुर्गों का आशीवार्द भी लिया। बच्चे और युवा वर्ग के लोग सभी एक ही रंग में रंगते हुए नजर आये। एक–दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया गया। होली पर्व में लोगों के घरों घर में छत्तीसगढ़िया पकवान बना, जहां लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर आनंद लिया। रविवार को शुभ मुहूर्त में होली जलाई गई। होलिका दहन पर लोगों ने पारंपरिक गीतों का आनंद उठाया। होलिका दहन के उपरांत उनके राख से एक–दूसरे को तिलक लगाया। नगाड़ों व झांझ मंजिरा के ताल पर फाल्गुन गीतों का लोगों ने आनंद उठाया। होली पर सुबह से ही ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए युवाओं की टोली ग्रामीण अंचलों में दिखाई दी। लोगों ने आपसी भाई चारे के साथ होली पर्व पर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली मनाई।

# होली में रामलीला मण्डली ने गाए पारंपरिक गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



■ युवाओं ने जमकर खेला रंग, ग्रामीण अंचल में रहा उत्साह का माहौल

क्षेत्र के आस पास विभिन्न स्थानों में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। खपरी भ, तमोरी, भरूवाडीह, गिधपुरी, मलपुरी, रीवाडीह, सांहडा, वटगन, बम्हनी, चरौदा, जुनवानी, कूची, लटेरा में रंगों का त्योहार होली विधिविधान पूर्वक धार्मिक रीति–रिवाजों और पूरे हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी इस त्योहार के मौके पर खुशियां मनाते और एक–दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई देते हुए नजर आये। भवानीपुर में माता सेवा समिति द्वारा कर्मा नाचते गाते हुए लोगों को रंग लगाया गया। वहीं नवयुवक राम लीला मण्डली द्वारा झांकी का भव्य आयोजन कर लोगों को रंग गुलाल लगाया और युवा वर्ग बाइक से गांव का चक्कर लगाकर होली मनाते नजर आए। हर प्रकार के रंगों से सराबोर बच्चे तो खासतौर पर बड़े उत्साहित रहे। बच्चे भी गली- मोहल्लों से गुजरने वालों पर रंग–गुलाल की बरसात करते नजर आए। सभी को मुंह मीठा करवाया। क्षेत्र में होली पर गाये जाने वाले गीतों की खूब धूम रही। रंग–बिरंगे लोग नाचते–गाते और गली–मुहल्ले में घूम–घूमकर लोगों को रंग–गुलाल लगाकर एक–दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई देते नजर आये। युवाओं ने आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए हर वर्ग के लोगों के साथ मिलकर इस पर्व को धूम धाम से मनाया। सभी की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुखी साहू, सेवक साहू, मदन साहू, गोकुल, भरत नेताम, जीवन साहू, नारायण साहू, गौकरण साहू, दीना देवदास, बोधी साहू, उत्तम साहू, बली साहू, कामदेव साहू, फागुराम सेन, संजू साहू, पप्पू ध्रुव, ओमकार साहू, चंद्राकार, संतू साहू, राजेश साहू, कुमार सेन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निर्वाचन है महत्वपूर्ण कार्य अधिकारी इसे गंभीरता से लें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

■ कलेक्टर ने बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का लिया जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिले के बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का जायजा लिया।

इस प्रशिक्षण में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सुबह सबसे पहले बरमकेला अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बार में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इसके बाद निर्वाचन प्रशिक्षण से जुड़े सभी कक्षा में जाकर निरीक्षण करते हुए शिक्षक और मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध में वार्तालाप की। मास्टर ट्रेनर से कलेक्टर ने निर्वाचन प्रशिक्षण के एक–एक चीजों के बारे में पूछा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें।

बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार के प्रशिक्षण में कुल दोनों पाली मिलाकर लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 4 कैमरा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आचरण संहिता से लेकर वोटिंग के नियमों को प्रशिक्षण में भी मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी बतायी जा रही है। ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक जानकारियां नोट भी करायी जा रही है। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखने, मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर हरिशंकर चौहान परियोजना निदेशक, कोमल प्रसाद साहू तहसीलदार, सहायक नोडल अधिकारी नरेश कुमार चौहान, लक्ष्मी नारायण पटेल, पदुमलाल पटेल प्राचार्य सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इसी प्रकार दोपहर में कलेक्टर साहू ने बिलाईगढ़ अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को अच्छे से प्रशिक्षण देने और निर्वाचन कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने के लिए कहा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि बरमकेला में यह प्रशिक्षण 28 और 30 मार्च को होगा। सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ में यह प्रशिक्षण 28 और 30 मार्च के साथ साथ 01 अप्रैल को होगा।

# हमारा मन मथुरा और तन है गोकुल, भगवान पाने मथुरा बनना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



■ भागवत कथा में श्रीकृष्ण–रूक्मिणी में श्रद्धालुओं ने गाए मंगल गीत, जमकर हुई पुष्प वर्षा

ग्राम गौरखेड़ा, चिचोली में साहू परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन कथावाचक भागवत सुरेश कुमार शर्मा ने श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, रासलीला, रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर भावपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि, हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। भगवान को वही पाता है जो मलिनता को दूर कर लेता है। पांच कर्मेन्द्री, पांच ज्ञानेन्द्री दस इद्रियों से बना हुआ यह शरीर ही गोकुल है। इस दौरान श्रीकृष्ण–रूक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए। इस मौके पर बाजे–गाजे के साथ निकाले गए कृष्ण–रूक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए। कथा के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की धूमधाम से बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे। इस दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते हुए बैंड बाजे की मधुर धुन के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के पैर धोकर पूजा–अर्चना की और मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। वहीं भगवान को उपहार भी भेंट किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल धर्ममय हो गया। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठे। वहीं सजीव झांकियां भी सजाई गई थी, जो सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कृष्ण–रूक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने कृष्ण–रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि, श्रीकृष्ण के साथ हमेशा देवी राधा का नाम आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि राधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं, लेकिन देवी राधा के साथ श्रीकृष्ण का लौकिक विवाह नहीं हो पाया। देवी राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रूक्मिणी हुईं। रूक्मिणी और कृष्ण के बीच प्रेम कैसे हुआ, इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रूक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रूक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं।



## प्राथमिक शाला में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मधईपुर में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर जांचने सामाजिक अंकेक्षण नोडल अधिकारी धीरेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। इसमें बालवाड़ी के छात्रों के अलावा पहली, दूसरी एवं तीसरी के छात्रों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया एवं इस जानकारी को गूगल फॉर्म में भी सबमिट की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक विनोद कुमार ध्रुव एवं शिक्षकगण लुकेश कुमार ध्रुव, रोशन कुमार साहू और मैडम संजिता भगत ने सहयोग प्रदान किया।







